## खबर संक्षेप

### सेफ क्लिक 2.0 से शहडोल पुलिस ने जनता को किया अलर्ट डिजिटल अरेस्ट और फर्जी केवाईसी के खिलाफ खोला मोर्चा

**शहडोल।** इंटरनेट और तकनीक की आड़ में आम जनता की गाढ़ी कमाई उड़ाने वाले शातिर साइबर ठगों के खिलाफ मध्य प्रदेश पुलिस ने अब सीधी जंग छेड़ दी है। इसी कड़ी में जिले भर में सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत शहडोल पुलिस ने विभिन्न बैंकों, एटीएम और कॉमन सर्विस सेंटरों पर ताबड़तोड़ दस्तक देकर व्यापक जागरूकता का चक्रव्यूह तैयार किया। पुलिस टीम ने मैदान में उतरकर आम नागरिकों को सावधान करते हुए साफ शब्दों में आगाह किया कि आज के दौर में डिजिटल अरेस्ट, फर्जी केवाईसी अपडेट, ओटीपी शेयरिंग और ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट के नाम पर ठगी का धंधा चरम पर है। पुलिस ने दो टूक चेतावनी दी कि किसी भी अज्ञात कॉल, लुभावने संदेश या संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने की भूल कतई न करें। इस आक्रामक अभियान के दौरान पुलिस ने नागरिकों को जागरूक करने वाले पेम्फलेट बांटे और किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी का शिकार होने पर बिना वक्त गंवाए तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करने या अधिकृत वेबसाइट पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की। पुलिस के इस सख्त और सुरक्षात्मक तेवर की जनता जमकर सराहना कर रही है।

### 12 घंटे में 4 लाख का सोना-चांदी सहित आरोपी धराये

**शहडोल।** जिले की खैरहा पुलिस ने एक बार फिर अपनी मुस्तैदी और आक्रामक कार्यशैली का लोहा मनवाया है। राजेंद्र कॉलोनी में हुई 4 लाख रुपये की चोरी का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर चोरों को दबोचकर शत-प्रतिशत जेवरात बरामद कर लिए हैं। 25 जून 2026 को फरियादिया पूर्णिमा पटेल ने घर की अलमारी के लॉकर से सोने-चांदी के कीमती आभूषण चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला दर्ज होते ही खैरहा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अलग-अलग टीमों का गठन किया और चोरों के छिपने के ठिकानों पर दबिश देना शुरू किया। सटीक सुराग मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर शातिर आरोपी रजनीश सोनी उम्र 33 वर्ष, निवासी टिकुरीटोला, बुढ़ार और उसके एक बाल अपराधी साथी को दबोच लिया। कड़ाई से पूछताछ में आरोपियों ने घुटने टेक दिए, जिसके बाद उनके कब्जे से चोरी गए पूरे जेवरात बरामद कर लिए गए। इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से जहां आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है, वहीं चोर-बदमाशों में खौफ का माहौल है। इस शानदार सफलता में उप निरीक्षक उमाशंकर चतुर्वेदी, रामकरन सिंह और उनकी टीम की भूमिका रही।

### कागजी सफाई पर मानसून का पानी

# पहली ही बारिश, नरकीय नालियों का गंदा पानी घरों में घुसा

## प्री-मानसून सफाई के दावों की खुली पोल







#### अन्नदाताओं के लिए अमृत साबित हुई झमाझम बारिश

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय का नगर पालिका प्रशासन हर साल मानसून से पहले नालियों और ड्रेनेज सिस्टम की सफाई के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाने का दावा करता है, लेकिन शुक्रवार को मानसून की पहली ही आक्रामक दस्तक ने इन तमाम कागजी और खोखले दावों का सरेराह जनाजा निकाल दिया। महज कुछ घंटों की मूसलाधार बारिश ने पूरे शहडोल शहर को एक टापू में तब्दील कर दिया। ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह से घुटने टेक चुका था और सडक़ों पर घुटनों तक बहता गंदा पानी नगर पालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी से लेकर छोटे कर्मचारियों तक की घोर लापरवाही और सुस्ती की गवाही दे रहा था।

#### घरों और दुकानों में घुसा नालियों का मलबा

शुक्रवार दोपहर को चिलचिलाती धूप के बाद अचानक आसमान में घने काले बादलों ने डेरा जमाया और कडक़ड़ाती बिजली के साथ तेज आंधी-तूफान के बीच मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। बारिश शुरू होने के आधे घंटे के भीतर ही शहर के मुख्य बाजार, गांधी चौक, बुढ़ार रोड और जयस्तंभ चौक जैसी प्रमुख सडक़ें उफनती हुई नदियों में तब्दील हो गईं। जल निकासी का कोई मुकम्मल रास्ता न होने के कारण नालियों का बजबजाता कीचड़ और गंदा पानी उफनकर लोगों के घरों, बेसमेंट और दुकानों में घुस गया। लाखों रुपये का व्यापारिक सामान पानी में डूबकर बर्बाद हो गया, जिससे व्यापारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। रिहायशी इलाकों का आलम यह था कि लोग अपने घरों से बाल्टियों के सहारे गंदा पानी बाहर फेंकते नजर आए।

#### ड्रेनेज के नाम पर हुआ भ्रष्टाचार

पहली ही मूसलाधार बारिश ने शहर की पूरी यातायात व्यवस्था को पंगु बना दिया। मुख्य मार्गों पर घुटनों तक पानी भर जाने के कारण दर्जनों दोपहिया और चारपहिया वाहन बीच सडक़ पर बंद हो गए। राहगीर और स्कूली बच्चे अपनी गाडिय़ों को धक्का मारकर खींचते हुए दिखे। स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों और समाजसेवियों का साफ आरोप है कि हर साल नालियों की गाद निकालने के नाम पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति की जाती है और बजट को आपस में बांटकर डकार लिया जाता है। अगर प्री-मानसून सफाई ईमानदारी से की गई होती, तो महज कुछ घंटों की बारिश में शहर की यह दुर्दशा कभी नहीं होती। इस बदहाली के लिए सीधे तौर पर नगर पालिका का निकम्मा और लापरवाह अमला जिम्मेदार है।

#### अन्नदाताओं के लिए वरदान

शहरी इलाके में जहां नगर पालिका की नाकामी से हाहाकार मचा रहा, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण अंचलों से बेहद सुखद और सुकून देने वाली तस्वीरें आईं। लंबे समय से भीषण उमस और चिलचिलाती धूप से झुलस रहे अन्नदाताओं के लिए यह बारिश किसी संजीवनी बूटी से कम नहीं है। आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे किसानों के चेहरे खुशी से खिल उठे हैं। कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक, मानसून की यह पहली जोरदार फुहार खरीफ फसलों, विशेषकर धान की बोआई और रोपा लगाने के लिए अमृत समान है। इस बारिश के गिरते ही ग्रामीण इलाकों में हल और ट्रैक्टरों की गूंज तेज हो गई है और किसान पूरी ऊर्जा के साथ खेतों में उतर चुके हैं।

#### रौद्र रूप दिखाएगा मानसून

इस भारी बारिश के बाद तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली है। मौसम सुहावना होने से बच्चे और युवा बारिश का लुत्फ उठाते नजर आए। हालांकि, यह राहत अस्थाई है क्योंकि मौसम विभाग ने आगामी कुछ दिनों तक जिले में अत्यंत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। अब यक्ष प्रश्न यह खड़ा होता है कि जब पहली ही सामान्य बारिश में शहडोल नगर पालिका का पूरा सिस्टम पूरी तरह ध्वस्त हो गया, तो आने वाले दिनों में जब मानसून अपना असली और रौद्र रूप दिखाएगा, तब यह सुस्त और लापरवाह प्रशासन शहर को डूबने से कैसे बचाएगा?

## कार्यकर्ताओं की सक्रियता ही संगठन का असली हथियार: नारायण

### कांग्रेस की बैठक में बूथ स्तर पर घेराबंदी की रणनीति तैयार

**शहडोल।** सत्ता विरोधी लहर को धार देने और संगठन के भीतर नई जान फूंकने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल की समन्वय समिति की बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय में संपन्न हुई। जिला संगठन प्रभारी व विधायक नारायण पट्टा और पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को की विशिष्ट उपस्थिति तथा जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कांग्रेस ने आगामी आंदोलनों और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का शंखनाद कर दिया है।



बैठक को तीखे तेवरों में संबोधित करते हुए संगठन प्रभारी व विधायक नारायण पट्टा ने दो टूक कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा जनता के हक की लड़ाई लड़ी है और आज के दौर में कार्यकर्ताओं की सक्रियता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने नेताओं और कार्यकर्ताओं को दोहरे रवैये से बचने की नसीहत देते हुए सीधे तौर पर गांव-गांव और बूथ स्तर पर मोर्चा संभालने का अल्टीमेटम दिया। पट्टा ने कहा कि आपसी गुटबाजी छोड़ समन्वय, अनुशासन और निरंतर जनसंपर्क से ही भाजपा के जनविरोधी तंत्र को ध्वस्त किया जा सकता है।

पुष्पराजगढ़ के कद्दावर विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने बैठक में हुंकार भरते हुए कहा कि वर्तमान प्रदेश और केंद्र सरकार की नीतियां आम जनता की कमर तोड़ रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि अब घरों से बाहर निकलकर जनहित के मुद्दों पर सडक़ की लड़ाई लडऩी होगी। मार्को ने साफ कहा कि संगठन की एकजुटता और लोकतांत्रिक तरीके से किया गया तीखा संघर्ष ही आने वाले समय में कांग्रेस की सत्ता में वापसी का मार्ग प्रशस्त करेगा।

अध्यक्षीय उद्बोधन में जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने संगठन को और अधिक आक्रामक व मजबूत बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों को समर्पण भाव से मैदान में उतरने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा रखते हुए कहा कि अब कागजी दावों से काम नहीं चलेगा, बल्कि हर स्तर पर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाकर सरकार की विफलताओं को बेनकाब किया जाएगा। बैठक में संगठनात्मक विस्तार, सदस्यता अभियान और बूथ समितियों के नए सिरे से आक्रामक गठन को लेकर विस्तृत रणनीति बनाई गई।

इस रणनीतिक महामंथन में पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश कटारे, नीरज द्विवेदी, आजाद बहादुर सिंह, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, किसान कांग्रेस अध्यक्ष हरिमोहन तिवारी, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा, नगर अध्यक्ष प्रभात पाण्डेय, राजीव शर्मा, प्रीतमदास सोनी, अनुपम गौतम, प्रीतेश द्विवेदी, सौरभ तिवारी, प्रमोद जैन, अभिषेक द्विवेदी, सत्यनारायण साहू, नरेन्द्र मरावी, रामलखन सिंह, जनपद अध्यक्ष बुढ़ार उमा धुर्वे, संतोष पाण्डेय, अजीत सोनी, मनोज सिंह, विष्णू प्रताप सिंह, कुंज बिहारी द्विवेदी, सुरेश विश्वकर्मा, अनिल पटेल, रमेश मिश्रा, सुंदर लाल गुप्ता और महेश सिंह सहित सैकड़ों उग्र और ऊर्जवान कांग्रेसी उपस्थित रहे, जिन्होंने एक सुर में पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## रसूख के आगे नतमस्तक हुआ शहडोल प्रशासन

### गोहपारू के सिंह पेट्रोल पंप पर खुलेआम बट रहा गैलनों में बारूद

**शहडोल।** जिले की प्रशासनिक व्यवस्था और नियम-कायदे रसूखदारों की चौखट पर जाकर किस कदर दम तोड़ देते हैं, इसका एक और ज्वलंत उदाहरण गोहपारू स्थित सिंह फिलिंग स्टेशन पर देखने को मिल रहा है। एक तरफ जहां जिला प्रशासन आए दिन डब्बों, बोतलों और खुले गैलनों में पेट्रोल देने पर प्रतिबंध का ढिंढोरा पीटता है, वहीं दूसरी ओर रसूखदार पंप संचालकों के आगे यही प्रशासन भीगी बिल्ली बन जाता है। इन रसूखदारों के इशारे पर सरकारी आदेशों का खुलेआम जनाजा निकाला जा रहा है और जिम्मेदार अधिकारी कुंभकर्णी नींद सोए हुए हैं।



हैरानी की बात यह है कि जिले के आम पेट्रोल पंपों पर यदि कोई मजबूर उपभोक्ता या राहगीर आपातकालीन स्थिति में बोतल में दो बूंद पेट्रोल मांग ले, तो पंप कर्मी नियमों का हवाला देकर विवाद पर उतारू हो जाते हैं, लेकिन गोहपारू के सिंह फिलिंग स्टेशन पर रसूख और पैसे की धमक के आगे सारे नियम बौने साबित हो रहे हैं। यहां बेधडक़ होकर बड़े-बड़े गैलनों और डिब्बों में खुलेआम पेट्रोल भरा जा रहा है, जो किसी बड़े हादसे को खुली दावत है। आखिर प्रशासन का यह दोहरा रवैया क्यों? क्या सरकारी आदेश सिर्फ गरीब और आम जनता को प्रताड़ित करने के लिए बनाए जाते हैं, या फिर रसूखदार संचालकों की जेबों से निकलने वाली मलाई ने अधिकारियों की आंखों पर पट्टी बांध दी है?

अक्सर इस अवैध खेल को छुपाने के लिए यह तर्क दिया जाता है कि खेतों में खड़े ट्रैक्टर या अन्य कृषि वाहनों का ईंधन खत्म होने पर किसान तेल कैसे ले जाएंगे, लेकिन इस खोखले तर्क की आड़ में पंप संचालक और प्रशासन मिलकर एक बड़े काले कारोबार को संरक्षण दे रहे हैं। किसानों की मजबूरी का बहाना बनाकर खुलेआम गैलनों में पेट्रोल की अवैध सप्लाई की जा रही है, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह तार-तार हो चुकी है। ज्वलनशील पदार्थ को इस तरह खुले बर्तनों में बेचना किसी भी वक्त शहडोल को बड़े हादसे की आग में झोंक सकता है।

जनता अब खुले तौर पर यह सवाल पूछ रही है कि आखिर शासन और प्रशासन के ये प्रतिबंधात्मक आदेश किसके लिए हैं? गोहपारू का सिंह पेट्रोल पंप जिस धड़ल्ले से नियमों की धज्जियां उड़ा रहा है, उसने सीधे तौर पर कलेक्टर और प्रशासनिक अमले की साख को चुनौती दे दी है। नाप-तौल विभाग और खाद्य विभाग की रहस्यमयी खामोशी इस बात का सबूत है कि रसूखदारों के आगे पूरा अमला नतमस्तक है। यदि समय रहते इस बेलगाम पंप संचालक के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई और पंप सील करने जैसी कार्रवाई नहीं की गई, तो यह साफ हो जाएगा कि शहडोल में कानून का नहीं, बल्कि रसूखदारों का राज चल रहा है।

### शहडोल में बेड से ज्यादा भर्ती हुए मासूम

## एनआरसी केंद्रों पर बढ़ा दबाव, दावों की खुली पोल

**शहडोल।** जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य महकमे के उन तमाम दावों की कलई खुल गई है, जिनमें कुपोषण को जड़ से मिटाने की कसमें खाई जाती हैं। जमीनी हकीकत यह है कि शहडोल में कुपोषण का दानव आज भी मासूमों के बचपन को निगलने पर आमादा है। इसका सबसे खौफनाक और जीता-जागता प्रमाण जिले के पोषण पुनर्वास केंद्रों (एनआरसी) से सामने आया है, जहां स्वीकृत बिस्तरों की कुल क्षमता 70 है, लेकिन उनके मुकाबले 77 गंभीर रूप से कुपोषित बच्चे जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे हैं। क्षमता से अधिक बच्चों का भर्ती होना सीधे तौर पर शासन-प्रशासन की लचर व्यवस्था और मैदानी स्तर पर बरती जा रही घोर लापरवाही को उजागर करता है।



26 जून 2026 की ताजा और चौंकाने वाली स्थिति के अनुसार, जिले के 6 एनआरसी केंद्रों पर कुपोषण का भारी दबाव है। जिला मुख्यालय सहित ब्योहारी, बुढ़ार और गोहपारू के केंद्रों में पैर रखने तक की जगह नहीं बची है। आलम यह है कि स्वीकृत क्षमता से सात बच्चे अधिक भर्ती हैं, जिन्हें मजबूरन अतिरिक्त व्यवस्थाओं के सहारे रखा गया है। आंकड़ों के मुताबिक, जिला चिकित्सालय शहडोल की एनआरसी में 20 में से 18 बच्चे भर्ती हैं, जबकि ब्योहारी जैसे बड़े केंद्रों पर तो हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि वहां तत्काल बिस्तरों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। हालांकि, जैसिंहनगर और सिंहपुर में कुछ बेड खाली होना ही इस बदहाल व्यवस्था में एकमात्र मामूली राहत की बात है। स्वास्थ्य विभाग भले ही यह तर्क देकर अपनी पीठ थपथपा रहा है कि बच्चों को संतुलित पोषण आहार, नियमित जांच और विशेषज्ञों की निगरानी दी जा रही है, लेकिन यक्ष प्रश्न यह है कि आखिर इतनी बड़ी संख्या में बच्चे गंभीर कुपोषण की कगार पर पहुंचे कैसे? स्वास्थ्य विशेषज्ञों का साफ मानना है कि कुपोषण के इस कलंक को सिर्फ अस्पतालों के कमरों में इलाज करके नहीं धोया जा सकता। इसके लिए ग्रामीण अंचलों में आंगनवाड़ी केंद्रों की सुस्त कार्यप्रणाली को दुरुस्त करना होगा। जब तक गर्भवती और धात्री माताओं को समय पर पौष्टिक आहार नहीं मिलेगा और मैदानी अमला सिर्फ कागजों पर रिपोर्ट चमकाता रहेगा, तब तक नौनिहालों का भविष्य ऐसे ही अंधकार में झूलता रहेगा। एनआरसी केंद्रों की यह डरावनी तस्वीर साफ संकेत दे रही है कि जिले में कुपोषण की चुनौती कम होने के बजाय और विकराल होती जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि वे हर संभव व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहे हैं, लेकिन जब तक जमीनी स्तर पर जनजागरूकता और योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन नहीं होगा, तब तक स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य की बातें बेमानी साबित होंगी। अब देखना यह है कि इस गंभीर चेतावनी के बाद भी जिम्मेदार कुंभकर्णी नींद से जागते हैं या मासूमों की सेहत के साथ यह खिलवाड़ यूं ही जारी रहता है।

### नीट पेपर लीक और मंदिरों में चंदा चोरी पर भडक़ी कांग्रेस

## युवाओं के भविष्य और जन आस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं: कांग्रेस

**शहडोल।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित एक तीखी पत्रकार वार्ता में कांग्रेस दिग्गजों ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। नीट परीक्षा घोटाले और राम मंदिर सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों में सामने आ रही चंदा चोरी व वित्तीय अनियमितताओं को लेकर कांग्रेस ने सरकार की नीयत पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।




पत्रकार वार्ता को संयुक्त रूप से संबोधित करते हुए संगठन प्रभारी व बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा, पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को और जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने सीधे तौर पर सरकार को कटघरे में खड़ा किया। नेताओं ने गरजते हुए कहा कि नीट पेपर लीक जैसी घटनाओं ने देश के लाखों होनहार छात्रों और उनके परिवारों के सपनों को बेरहमी से कुचल दिया है। दिन-रात मेहनत करने वाले युवाओं के भविष्य का सौदा संगठित भ्रष्टाचार और सत्ता के संरक्षण में किया जा रहा है। कांग्रेस ने मांग की है कि इस पूरे महाघोटाले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराकर दोषियों को सलाखों के पीछे भेजा जाए।

कांग्रेस ने केवल युवाओं का मुद्दा ही नहीं, बल्कि धार्मिक भ्रष्टाचार पर भी बेहद आक्रामक रुख अपनाया। नेताओं ने आरोप लगाया कि राम मंदिर और विभिन्न धर्म न्यासों में श्रद्धालुओं की गाढ़ी कमाई के चढ़ावे और दान राशि का खुलेआम दुरुपयोग हो रहा है। आस्था के केंद्रों को राजनीतिक और आर्थिक स्वार्थों का अड्डा बना दिया गया है, जिससे करोड़ों सनातनियों की भावनाएं आहत हुई हैं। कांग्रेस ने धर्म न्यासों के वित्तीय लेन-देन की स्वतंत्र ऑडिट और निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है।

जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने साफ चेतावनी दी है कि कांग्रेस इस दोहरे अन्याय के खिलाफ चुप बैठने वाली नहीं है। कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि वे इस पेपर लीक और चंदा चोरी के काले कारनामों को लेकर गांव-गांव और घर-घर जाकर जनता की अदालत में सरकार को बेनकाब करें। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश कटारे, नीरज द्विवेदी, आजाद बहादुर सिंह, कुलदीप निगम, मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, अनुज मिश्रा, प्रभात पाण्डेय और राजीव शर्मा सहित कई कांग्रेसी मौजूद रहे।

## हाईवा ने ऑटो को रौंदा, ऑटो चालक की मौत, 6 गंभीर, भडक़ा ग्रामीणों का आक्रोश, शहडोल-मानपुर मार्ग पर शव रखकर चक्काजाम

**शहडोल।** जिले में खनिज विभाग और स्थानीय पुलिस की नाक के नीचे चल रहा रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन अब मासूमों की जिंदगी निगलने लगा है। ब्यौहारी थाना क्षेत्र के बेडरा के पास रेत लोड करने जा रहे एक यमदूत बने तेज रफ्तार हाईवा ने सवारी ऑटो को ऐसी जोरदार टक्कर मारी कि पूरा इलाका दहल उठा। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और चालक ललन सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ऑटो में सवार छह से अधिक यात्री खून से लथपथ होकर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



देवलौंद और ब्यौहारी थाना क्षेत्रों में इन दिनों रेत माफिया का खुला राज चल रहा है। रात के वक्त वैध खदानों का संचालन बंद होने के कारण रेत की कीमतें आसमान छू रही हैं। इसी चांदी काटने के चक्कर में माफिया उत्तर प्रदेश और रीवा की ओर धड़ल्ले से अवैध रेत की तस्करी कर रहे हैं। भारी-भरकम हाईवा और डंपर रातों-रात सडक़ों पर अंधाधुंध रफ्तार से दौड़ते हैं, जिन्हें न तो कानून का डर है और न ही इंसानी जान की परवाह। स्थानीय लोगों का खुला आरोप है कि पुलिस और प्रशासन की मिलीभगत से यह खूनी खेल बेखौफ जारी है।

इस भीषण हादसे के बाद ग्रामीणों और मृतक के परिजनों का सब्र का बांध टूट गया। आक्रोशित सैकड़ों लोगों ने मृतक ललन सिंह का शव शहडोल-मानपुर मुख्य मार्ग पर रखकर उग्र चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने शासन और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों की साफ मांग थी कि क्षेत्र में चल रहे अवैध रेत के काले कारोबार पर तत्काल पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए, कातिल हाईवा चालक को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए। इस चक्काजाम के कारण मुख्य मार्ग के दोनों ओर वाहनों की मील लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह ठप हो गया।

सडक़ पर बढ़ते बवाल और हंगामे की सूचना मिलते ही ब्यौहारी थाना पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने आक्रोशित ग्रामीणों को काफी समझाइश दी और कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाकर किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन जनता का गुस्सा शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। ग्रामीणों ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि रेत माफिया के इन काल बने वाहनों पर नकेल नहीं कसी गई, तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

#### इनका कहना है...

एक तेज रफ्तार हाइव ने ऑटो को टक्कर मारी, जिससे ऑटो चालक की मौके पर मौत हो गई ,जबकि ऑटो में सवार कुछ लोग घायल हुए है,जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है, गुस्साए लोगों ने प्रदर्शन कर रहे उन्हें समझाइस दी जा रही है, मामले में कार्यवाही की जा रही है।

**जियाउल हक**
थाना प्रभारी, ब्यौहारी

## खबर संक्षेप

### धमोखर में घर-घर कचरा संग्रहण सेवा का शुभारंभ



**उमरिया।** जनपद पंचायत मानपुर की ग्राम पंचायत धमोखर में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत आनंदना कोका-कोला फाउंडेशन इंडिया के सहयोग तथा स्वयंसेवी संस्था साहस द्वारा संचालित प्रोजेक्ट क्लीन डेस्टिनेशन बांधवगढ़ के तहत घर-घर कचरा संग्रहण सेवा का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को बढ़ावा देना, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को सुदृढ़ बनाना तथा ग्रामीणों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान ग्राम के जनप्रतिनिधियों ने कचरा संग्रहण वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अब ग्राम में नियमित रूप से घर-घर जाकर सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग एकत्र किया जाएगा। इससे खुले में कचरा फेंकने की समस्या में कमी आएगी तथा ग्राम को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण के अनुकूल बनाए रखने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर सुंदर यादव, पूर्व सरपंच गोरे सिंह, पूर्व उपसरपंच शंभूलाल यादव, पंच राजेश चौधरी, जीआरएस प्रहलाद राय, अमृतलाल साहू, अमित साहू, साहस संस्था की टीम तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने ग्रामवासियों से स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने, घरों में सूखे एवं गीले कचरे का पृथक्करण करने तथा निर्धारित कचरा संग्रहण वाहन को ही कचरा सौंपने की अपील की।

### अनियंत्रित बस ने बाइक सवारों को रौंदा

**उमरिया।** जिले के शहपुरा मार्ग पर शुक्रवार की दोपहर एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही का खूनी खेल देखने को मिला। मनु ढाबा के पास एक अनियंत्रित बस ने बाइक सवार दो युवकों को ऐसी जोरदार टक्कर मारी कि देखने वालों की रूह कांप गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि डिंडौरी निवासी ओम तिवारी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका साथी शिवम पांडेय लहूलुहान होकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, दोनों युवक डिंडौरी से मैहर की ओर जा रहे थे, तभी शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे काल बनकर आई एक तेज रफ्तार बस ने इन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद सडक़ पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस की मदद से गंभीर रूप से घायल शिवम को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां वह जिंदगी की जंग लड़ रहा है। अस्पताल में भर्ती घायल शिवम इस कदर सदमे में है कि वह कुछ भी साफ-साफ बताने की स्थिति में नहीं है। हालांकि, उसने इतना जरूर कहा कि किसी अनियंत्रित बस ने उन्हें जोरदार ठोकर मारी और फरार हो गई। इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर क्षेत्र की सडक़ों पर दौड़ती यमदूत बनी बसों की बेलगाम रफ्तार और यातायात व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# शिक्षकों से अपेक्षा विद्यार्थियों को शैक्षणिक अध्ययन के साथ जीवन कौशल आधारित शिक्षा भी प्रभावी ढंग से प्रदान करें: कलेक्टर




**उमरिया।** लोक शिक्षण संचालनालय एवं समग्र शिक्षा अभियान (सेकेंडरी एजुकेशन) के अंतर्गत आयुष्मान भारत उमंग स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में संचालित होने वाली गतिविधियों के लिए हेल्थ एंड वेलनेस एंबेसडर (आरोग्य दूत) शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दो बैचों में जिले के लगभग 80 शिक्षकों ने भाग लिया। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने प्रशिक्षित शिक्षकों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे विद्यार्थियों को शैक्षणिक अध्ययन के साथ-साथ जीवन कौशल आधारित शिक्षा भी प्रभावी ढंग से प्रदान करें। उन्होंने कहा कि जीवन कौशल पर आधारित सत्र विद्यार्थियों में व्यावहारिक दक्षताओं का विकास करेंगे, जिससे वे जीवन की चुनौतियों एवं विभिन्न परिस्थितियों का आत्मविश्वास और प्रभावी ढंग से सामना कर सकेंगे।जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विद्यार्थियों में सामाजिक, भावनात्मक एवं विश्लेषणात्मक कौशल का विकास अत्यंत आवश्यक है। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में स्व-जागरूकता, प्रभावी संवाद, सहानुभूति, भावनाओं का प्रबंधन, तनाव से निपटने की क्षमता, समालोचनात्मक एवं रचनात्मक चिंतन, निर्णय लेने तथा समस्या समाधान जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशल विकसित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रत्येक मंगलवार को हेल्थ एंड वेलनेस एंबेसडर द्वारा ये सत्र संचालित किए जाएंगे।प्रशिक्षण जिला स्तरीय प्रशिक्षकों सुश्री नीलम दुबे, श्री शैलेंद्र कुमार कनौजिया एवं वसीम अहमद अंसारी द्वारा प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग के कनाडा अधिकारी संदीप सिंह ने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जीवन कौशल आधारित गुण अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 9वीं में 24, कक्षा 10वीं में 19, कक्षा 11वीं में 21 तथा कक्षा 12वीं में 14 सत्र आयोजित किए जाएंगे।प्रशिक्षण कार्यक्रम में एडीपीसी बी.एस. मरावी, सहायक परियोजना समन्वयक श्री विनीत कुमार के.वी., जिला किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम से संबंधित अधिकारी, मॉनिटरिंग एंड इवैल्यूएशन ऑफिसर अविनाश वर्मा, बीजीएमएस संस्था इंदौर के मॉनिटरिंग एंड इवैल्यूएशन ऑफिसर आदित्य सिंह परिहार, दर्शन महिला कल्याण समिति छतरपुर के परियोजना समन्वयक, परामर्शदाता सुश्री पूनम मिश्रा (मानपुर) सहित जिले के शिक्षक उपस्थित रहे।

## एसडीएम मानपुर की अध्यक्षता में वन अधिकार अधिनियम संबंधी बैठक संपन्न



**उमरिया।** अनुविभागीय अधिकारी मानपुर हरनीत कौर कलसी की अध्यक्षता में वन अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत व्यक्तिगत, सामुदायिक तथा सामुदायिक वन संसाधन संरक्षण एवं प्रबंधन (सीएफआरआर) से संबंधित दावों की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक के दौरान सीएफआरआर की संपूर्ण प्रक्रिया, ग्राम स्तरीय वन अधिकार समिति के गठन, आवश्यक प्रपत्रों की पूर्ति तथा दावा प्रस्तुत करने से लेकर उसके निराकरण तक की सभी प्रक्रियाओं को क्रमवार समझाया गया। अधिकारियों ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों को अधिनियम के प्रावधानों का पालन करते हुए पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध लाभ दिलाने के निर्देश दिए।
एसडीएम ने वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत लंबित दावों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई शीघ्र पूर्ण करने तथा सभी प्रकरणों का नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिनियम का उद्देश्य पात्र वनवासियों एवं आदिवासी समुदायों के अधिकारों का संरक्षण करना है, इसलिए सभी स्तरों पर समन्वय के साथ कार्य किया जाए। बैठक में जनपद सदस्य मानपुर, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) श्री सिरोठिया, प्राचार्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक भी बच्चा छूटा, सुरक्षा कवच टूटा

### अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**उमरिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्ही.एस. चंदेल के निर्देशन में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत साथिया समूह द्वारा जिले में आगामी पल्स पोलियो अभियान के प्रति जनजागरूकता गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दो बूंद जीवनरक्षक खुराक पिलाकर पोलियो मुक्त समाज के निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है।**




इसी क्रम में चंदिया तहसील में साथिया प्रशिक्षक प्रकाश असाटी एवं पूजा पांडे के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही विभिन्न स्थानों पर दीवार लेखन के माध्यम से लोगों को पल्स पोलियो अभियान का संदेश दिया गया। रैली के दौरान एक भी बच्चा छूटा, सुरक्षा कवच टूटा तथा पोलियो खुराक की बारी, अब माता-पिता की जिम्मेदारी जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से ग्रामीणों को अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाने के लिए प्रेरित किया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. ऋचा गुप्ता ने बताया कि 28 जून (रविवार) को जिले के सभी पोलियो बूथों पर स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद जीवनरक्षक खुराक पिलाई जाएगी। साथ ही स्वास्थ्य कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी पात्र बच्चा इस अभियान से वंचित न रहे। स्वास्थ्य विभाग ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने पांच वर्ष तक के बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ पर अवश्य लेकर आएं तथा पोलियो उन्मूलन के इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग दें। सभी की सहभागिता से ही प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित भविष्य प्रदान किया जा सकता है और पोलियो मुक्त भारत के लक्ष्य को साकार किया जा सकेगा।

## लोगों द्वारा मनाया गया मोहर्रम का पर्व



**कोतमा।** नगर में शुक्रवार को मोहर्रम पर्व पर मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा ताजिया जुलूस निकलते हुए नगर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण करने के बाद कर्बला ले जाया गया। बीते 10 दिनों से नगर के अलग-अलग स्थान में मुस्लिम समाज ताजिया तैयार करने में जुटा हुआ था। शाम को तकरीर एवं लंगर का भी आयोजन किया जाता रहा। मोहर्रम के एक दिन दिन पूर्व गुरुवार को वार्ड 09 इस्लाम गंज स्थित इमाम चौक में मुस्लिम समाज के हुसैनी वारसी कमेटी द्वारा 10 रोजा लंगरे आम कार्यक्रम में मोहर्रम की 09 वीं बड़े ही जोशो खरोश के साथ मनाई गई ताज़यिा की जियारत के साथ साथ हर खासो आम के लिए लंगर व सबील का बेहतरीन इंतजाम किया गया था। जिसमें मध्य प्रदेश शासन के मंत्री दिलीप जायसवाल के साथ ही हजारों की तादाद में जायरीनों ने शिरकत कर लंगर में शामिल हुए। शुक्रवार को पुराने स्टेट बैंक के सामने बाजार मस्जिद कमेटी एवं बनिया टोला मस्जिद कमेटी की ताजिया एकत्र होकर शाम को नगर के मुख्य मार्गों पर निकाली गई जिसमें आजाद चौक, गांधी चौक, स्टेशन चौक सहित अन्य मार्गो से होते हुए ताजिया कर्बला लहसूई पहुंची। वहीं दूसरी ओर इमाम चौक में कमेटी की ताजिया को पूरे दिन इबादत के बाद सवारी थाना से होते हुए कर्बला ले जाई गई। त्यौहार को लेकर प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे बाहर से आए रिजर्व बल को जगह-जगह फिक्स पॉइंट पर लगाया गया था। इसके अलावा लगातार पेट्रोलिंग पार्टी भी तैयार रही। थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल पूरे समय तक टीम के साथ व्यस्था सुदृढ़ करने में जुटे रहे। इमाम चौक के मोहर्रम कमेटी की तरफ से ताजिया बनाने का कार्य 10 दिन से चल रहा था। जमील वारसी ने बताया कि साथियों के साथ ताजिया तैयार किया गया है। समय के साथ ताजिया में बदलाव व लाइटिंग भी आकर्षक हो गई है। पूरे 10 दोनों तक मोहर्रम का पर्व अकीदत वह शांति के साथ मनाया गया। ताजिया तैयार कर रहे हैं मोहम्मद सलीम ने बताया कि तीन पीढ़ी से यह प्रथा चली आ रही है। इसके पहले उनके पिता ताजिया बनाते थे अब वह और उनके बच्चे ताजिया का काम करते हैं। इस बार 10 फीट की ताजिया बनाई गई है ताजिया बनाने में उनके साथ वार्ड वासियों का भी बराबर सहयोग रहता है।

## रीवा-चिरमिरी ट्रेन के दैनिक संचालन करने की मांग तेज

### सांसद प्रतिनिधि ने सांसद को सौंपा ज्ञापन



**बदरा/जमुना।** कोयलांचल क्षेत्र के यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को लेकर भाजपा सांसद प्रतिनिधि अजय नारायण द्विवेदी (महीप) ने शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह को ज्ञापन सौंपकर ट्रेन क्रमांक 11752 चिरमिरी-रीवा एवं 11751 रीवा-चिरमिरी का पुनः प्रतिदिन संचालन शुरू कराने की मांग की है। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेमचंद यादव तथा पूर्व जिला उपाध्यक्ष उमेश मिश्रा भी मौजूद रहे। ज्ञापन में बताया गया कि कोयलांचल क्षेत्र का रीवा से सांस्कृतिक, शैक्षणिक, व्यापारिक और सामाजिक रूप से गहरा जुड़ाव है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में विद्यार्थी, व्यापारी, कर्मचारी एवं आम नागरिक इस रेलमार्ग से आवागमन करते हैं। कोरोना काल से पहले इन ट्रेनों का नियमित संचालन होने से यात्रियों को काफी सुविधा मिलती थी तथा रेलवे को भी अच्छा राजस्व प्राप्त होता था। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि कोरोना महामारी के बाद से इन ट्रेनों का दैनिक संचालन बंद होने के कारण क्षेत्रवासियों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों को अन्य ट्रेनों में आरक्षण की समस्या, अतिरिक्त आर्थिक बोझ और समय की बर्बादी झेलनी पड़ रही है। सांसद प्रतिनिधि अजय नारायण द्विवेदी ने सांसद हिमाद्री सिंह से आग्रह किया कि वे रेल मंत्रालय के समक्ष इस जनहित के मुद्दे को प्रमुखता से उठाकर दोनों ट्रेनों का प्रतिदिन संचालन शीघ्र शुरू कराने का प्रयास करें। उन्होंने विश्वास जताया कि सांसद के प्रयासों से क्षेत्र की यह लंबे समय से लंबित मांग जल्द पूरी होगी। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा नेताओं ने कहा कि रीवाचिरमिरी रेल सेवा का नियमित संचालन पूरे कोयलांचल क्षेत्र के विकास, व्यापार और आम जनता की सुविधा के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि रेल मंत्रालय जनभावनाओं का सम्मान करते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगा।

## क्षेत्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र में साइबर अपराधों के प्रति प्रशिक्षुओं को किया जागरूक



**राजनगर।** क्षेत्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र राजनगर (हसदेव क्षेत्र, एसईसीएल) में आज साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 50 से 60 प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान प्रशिक्षक अरविन्द सिंह की उपस्थिति में प्रशिक्षुओं को वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों के विभिन्न स्वरूपों एवं उनसे बचाव के प्रभावी उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जागरूकता कार्यक्रम में 'ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी एवं बैंकिंग धोखाधड़ी, सोशल मीडिया फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी निवेश योजनाओं तथा साइबर अपराधियों द्वारा अपनाए जाने वाले नए-नए तरीकों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही प्रशिक्षुओं को किसी भी संदिग्ध कॉल, संदेश या लिंक पर क्लिक न करने' तथा अपनी व्यक्तिगत एवं बैंकिंग जानकारी किसी से साझा न करने की सलाह दी गई। इस अवसर पर 'भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा संचालित "सेफ क्लिक 2.0" अभियान' की जानकारी भी दी गई। अभियान के उद्देश्य, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने, साइबर अपराध होने पर तत्काल 1930 हेल्पलाइन एवं राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया से भी प्रशिक्षुओं को अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रशिक्षुओं से सुरक्षित एवं जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया गया।

# आधी रात घर में आगजनी का आरोप पांच लोगों के खिलाफ एसपी से शिकायत

### पीड़ित का दावा पुराने विवाद का बदला लेने के लिए लगाई आग

### लाखों का सामान जलकर खाक, निष्पक्ष जांच व एफआईआर की मांग





**बदरा/जमुना।** जिले के भालूमाड़ा थाना अंतर्गत पुलिस चौकी फुनगा क्षेत्र के ग्राम प्यारी नंबर-01 (मोहरटोला) निवासी 65 वर्षीय ललुआ चौधरी ने पुलिस अधीक्षक अनूपपुर को लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया है कि 21 जून की रात लगभग 9:45 में गांव के पांच लोगों ने उनके घर में आग लगा दी। शिकायत में घटना की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की गई है। शिकायत पत्र के अनुसार ललुआ चौधरी ने आरोप लगाया है कि सुरेश केवट, गोविंद केवट, सारथ केवट, जगदीश केवट तथा गोपाल केवट एकजुट होकर उनके घर पहुंचे। आरोप है कि आरोपियों ने लकड़ी के डंडे में कपड़ा बांधकर उसमें आग लगाई और जलते हुए कपड़े को मकान में फेंक दिया, जिससे घर में आग भड़क गई। पीड़ति ने शिकायत में बताया कि घटना के समय वह घर में सो रहे थे। शोर सुनकर उनकी पत्नी सुपेती बाई ने उन्हें जगाया। दोनों के शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे, जिसके बाद आरोपित मौके से भाग गए। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि यह कार्रवाई पहले की गई पुलिस शिकायत का बदला है। ललुआ चौधरी के अनुसार आग लगने से घर में रखा पंखा, गद्दा, तकिया, कुर्सियां, कपड़े सहित अन्य घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया, जिससे उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि घटना के बाद पुलिस चौकी फुनगा में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे, लेकिन उनकी शिकायत में आरोपियों के नाम दर्ज नहीं किए गए। पीड़ति का कहना है कि अगले दिन जब उन्होंने इस संबंध में जानकारी ली तो उन्हें बताया गया कि रिपोर्ट में किसी आरोपी का नाम नहीं लिखा गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनसे बिना पूरी जानकारी पढ़ाए हस्ताक्षर करा लिए गए। पीड़ति ने पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, आगजनी की घटना में नामजद आरोपियों के विरुद्ध विधिसम्मत अपराध दर्ज करने तथा उन्हें न्याय दिलाने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### मृदा परीक्षण के आधार पर ही करें उर्वरकों का उपयोग

**उमरिया।** खरीफ सीजन में फसलों का बेहतर उत्पादन सुनिश्चित करने तथा भूमि की उर्वरा शक्ति को लंबे समय तक बनाए रखने के उद्देश्य से कृषि विभाग, उमरिया ने किसानों से मृदा परीक्षण के आधार पर ही रासायनिक उर्वरकों के उपयोग की अपील की है। उप संचालक कृषि ने बताया कि किसान नत्रजन (यूरिया), फॉस्फोरस एवं पोटाश जैसे रासायनिक उर्वरकों का अंधाधुंध प्रयोग न करें। उर्वरकों की मात्रा का निर्धारण अपनी भूमि की मृदा परीक्षण रिपोर्ट के अनुसार ही करें। इससे खेती की लागत कम होगी, फसल उत्पादन बेहतर होगा तथा मिट्टी की गुणवत्ता और संरचना भी सुरक्षित रहेगी। उन्होंने बताया कि कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार रासायनिक उर्वरकों के साथ-साथ जैविक खाद, गोबर खाद एवं हरी खाद का समन्वित उपयोग अत्यंत आवश्यक है। इससे भूमि की उपजाऊ क्षमता बनी रहती है और दीर्घकाल में उत्पादन क्षमता में भी वृद्धि होती है। किसानों से समय पर बुवाई, उचित जल प्रबंधन तथा संतुलित पोषण अपनाने की भी अपील की गई है। खरीफ की प्रमुख फसलों के लिए विभाग द्वारा जारी अनुशंसा के अनुसार मक्का एवं ज्वार के लिए 12:32:16 उर्वरक के 3 बैग तथा 15 किलोग्राम पोटाश का उपयोग करने की सलाह दी गई है। वैकल्पिक रूप से 20:20:0:13 के 2 बैग, 10 किलोग्राम यूरिया, 5 बैग सिंगल सुपर फॉस्फेट तथा 1 बैग पोटाश का उपयोग किया जा सकता है। सोयाबीन फसल के लिए 12:32:16 उर्वरक के 3 बैग एवं 4 बैग यूरिया अथवा 20:20:0:13 के 4 बैग, 5 बैग यूरिया, 2 बैग सिंगल सुपर फॉस्फेट तथा 1 बैग पोटाश की अनुशंसा की गई है। इसी प्रकार अरहर फसल के लिए 12:32:16 उर्वरक के 3 बैग, 5 किलोग्राम यूरिया तथा 15 किलोग्राम पोटाश के उपयोग की सलाह दी गई है। उप संचालक कृषि ने किसानों से आग्रह किया है कि वे अपनी भूमि की स्थिति एवं मृदा परीक्षण रिपोर्ट के अनुरूप ही उर्वरकों का चयन करें। खेती से संबंधित अधिक जानकारी एवं तकनीकी मार्गदर्शन के लिए किसान अपने निकटतम कृषि विस्तार अधिकारी अथवा जिला कृषि विभाग कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### 3 से 6 जुलाई तक होगी हरिद्वार-ऋषिकेश तीर्थ यात्रा

**कटनी।** 'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना' के अंतर्गत जिले के श्रद्धालुओं के लिए हरिद्वार-ऋषिकेश तीर्थ यात्रा 3 जुलाई से 6 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। इस यात्रा के लिए विशेष ट्रेन दमोह से रवाना होकर कटनी और सतना मार्ग से होते हुए हरिद्वार पहुंचेगी तथा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इसी मार्ग से वापसी करेगी। इस यात्रा हेतु कटनी जिले को कुल 262 सीटें आवंटित की गई हैं। यात्रा के सफल संचालन और व्यवस्थाओं के सुचारू क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा विभिन्न स्तरों पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

### ईवीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण 29 को

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के जिला स्तरीय वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण सोमवार, 29 जून 2026 को शाम 5 बजे किया जाएगा। संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जीतेन्द्र पटेल ने निरीक्षण के दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपक सोनी (टंडन), कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सौरभ सिंह (ग्रामीण) एवं एडवोकेट अमित शुक्ला (शहर) तथा बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष डीसी राम को निरीक्षण के समय उपस्थित रहने हेतु अनुरोध किया है।

### बारात में नाचने की बात पर विवाद, युवक को पीटा

**कटनी।** एन.के.जे. थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हिरवारा में बारात में नाचने की बात पर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इस कदर बढ़ा कि दो युवकों ने मिलकर एक अन्य युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी और उसे अधमरा कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम हिरवारा में बारात लग रही थी। इसी दौरान बारात में नाचने की बात को लेकर युवकों के बीच कहासुनी शुरू हो गई।

# बुढ़ार में अकीदत और सौहार्द्र के साथ निकाला गया मोहर्रम का ताजिया जुलूस, पुलिस प्रशासन मुस्तैद

**बुढ़ार।** नगर में शुक्रवार को मोहर्रम के पवित्र अवसर पर हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के अमर शहीदों की याद में 'हुसैनी ताजेदार कमेटी' (लखरेन टोला) के द्वारा भव्य ताजिया जुलूस निकाला गया। पूरा आयोजन अत्यंत सौहार्दपूर्ण, गरिमामयीऔर शांतिप्रिय वातावरण में संपन्न हुआ। इन मार्गों से गुजरा जुलूस, कर्बला में हुआ विसर्जन हुसैनी ताजेदार कमेटी का यह जुलूस पारंपरिक मार्गों से होता हुआ आगे बढ़ाःरेल्वे स्टेशन मार्ग से शुरू होकर कोतमा रोड़ पहुंचा।,इसके बाद लोहिया चौक और नगर पंचायत चौराहे से होते हुए कॉलेज मार्ग की ओर बढ़ा।अंत में, धनपुरी कर्बला मैदान पहुंचकर ताजिया का पूरे अदब व एहतराम के साथ विसर्जन किया गया।




### जगह-जगह हुआ स्वागत, लंगर की व्यवस्था

जुलूस के दौरान नगर में सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल देखने को मिली। मार्ग में नगर के प्रसिद्ध होटल संचालक महेश एवं फर्नीचर व्यवसायी मोहम्मद इस्तियाक द्वारा जुलूस का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उन्होंने जुलूस में शामिल अकीदतमंदों के लिए जलपान और लंगर की विशेष व्यवस्था की थी।

### प्रमुख जनों की रही मौजूदगी

इस दौरान हुसैनी ताजेदार कमेटी के नसीर रजा, मोहम्मद अनीश, रहीम खान, शमशेर बंटू, अफजल, दानिश खान और फरदीन खान सहित भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग और प्रबुद्ध नागरिक मौजूद रहे।

### सुरक्षा के कड़े इंतजामः

नगर निरीक्षक ने संभाला मोर्चा,मोहर्रम पर्व के मद्देनजर नगर में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। बुढ़ार नगर निरीक्षक विनय सिंह गहरवार ने अपने पूरे पुलिस स्टाफ के साथ खुद मोर्चा संभाला और जुलूस के साथ पूरे नगर भ्रमण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर पैनी नजर रखी।पुलिस के इस सराहनीय और सहयोगात्मक रवैये के लिए दोनों कमेटियों के अध्यक्षों ने नगर निरीक्षक विनय सिंह गहरवार और उनके स्टाफ का दिल से आभार व्यक्त किया है।

# ईरानी समुदाय ने निकाला मोहर्रम का मातमी जुलूस शस्त्र प्रदर्शन के साथ दी इमाम हुसैन को श्रद्धांजलि



**बुढार। हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की याद में शुक्रवार को बुढार नगर में मोहर्रम पर्व पूरी शालीनता और अकीदत के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्थानीय हैदरी ईरानी इमामबाड़ा से ईरानी समुदाय के लोगों द्वारा एक विशाल मातमी जुलूस निकाला गया।**



### नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरा जुलूस, हुआ शस्त्र प्रदर्शन

दोपहर ठीक 3 बजे हैदरी ईरानी इमामबाड़ा से शुरू हुआ यह जुलूस नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों और गलियों से होकर गुजरा। जुलूस सब्जी बाजार से होते हुए नेहरू पार्क, कोतमा रोड और लोहिया चौक पहुंचा। इस दौरान युवाओं द्वारा पारंपरिक शस्त्रों का हैरतअंगेज प्रदर्शन भी किया गया। इसके बाद जुलूस नगर पंचायत चौराहे से होते हुए वापस इमामबाड़ा पहुंचा, जहां इसका शांतिपूर्ण ढंग से विसर्जन हुआ।

### सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

जुलूस के दौरान नगर में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। टीआई विनय सिंह गहरवार के नेतृत्व में पुलिस बल पूरे मार्ग पर तैनात रहा, जिससे यातायात और सुरक्षा व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रही।

### समुदाय के लोग रहे मौजूद

इस मातमी जुलूस में ईरानी समुदाय के पुरुषों के साथ-साथ बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों ने भी शिरकत की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से फिरोज ईरानी, संजय, खालू, चंगेज, गुलहसन, सापुर ईरानी सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# आज बाबा के दरवार में लोगों की मुराद होगी पूरी

### यहां हिंदू को आती है बाबा हुजूर की सवारी

**धनपुरी।** धनपुरी आजाद चौक वार्ड नंबर 22 स्थित अतरोलिया परिवार के निवास पर अल नूर दरबार हर वर्ष की बात की इस वर्ष भी 26 जून दोपहर 3 बजे से बाबा के दरबार में मुराद लेने के लिए हिंदू मुस्लिम भाइयों की काफी संख्या में लोग दरबार पहुंचते हैं बाबा से मुराद पाते हैं। जो अनवर देखा जा है।

### - सबको मिलता मुरादे

यहां लगभग 20 वर्षों से रवि कुमार अतरोलिया जी को आती है बाबा हुजूर की सवारी यहां बाबा की सवारी में जितने मुस्लिम भाग लेते है, उतने ही हिंदू भी भाग लेते हैं. खास बात ये है कि बाबा की सवारी किसी मुस्लिम को नहीं, बल्कि हिंदू को आती है. ये परंपरा यहां लगभग 20 सालों से जीवित है.यहां सवारी आने के दौरान बाबा हुजूर से मुरादें मांगने वालों की मनोकामना पूरी होती है. इससे यहां निकलने वाले जलसे में भारी भीड़ लग जाती है. इससे यहां की प्रतिष्ठा लगातार बढ़ती जा रही है।.



### दूर-दूर से लोग आते हैं

आज आलम ये है कि बाबा से मुराद लेने यहां दूर दूर से लोग आते हैं यही वजह है कि यहां का मुस्लिम समाज भी हिन्दुओं के धार्मिक पर्व में उसी सदभावना से शामिल होता है, जैसे मोहर्रम में हिन्दू शामिल होते हैं.। लंगर का प्रोग्राम

### हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लंगर वितरण का

प्रोग्राम रखा गया है जो 26 जून दोपहर 12:00 बजे से देर रात तक चलेगी मर्कजी मुस्लिम लंगर कमेटी के द्वारा लंगर का इंतजाम किया गया है। लंगर का कार्यक्रम लगातार 30 वर्षों से चल रहा है। शाम को रोजा अफ्तारी वालों के लिए भी व्यवस्था की गई है।

संगठन अध्यक्ष के ऊपर झूठा आरोप लगाकर पुलिस पर दबाव बनाने का प्रयास

# पत्रकार से गाली गलौज करना पड़ा महंगा

### नीलेश सोनी पर अपराध हुआ दर्ज

### दागी पत्रकारों का कवच बन रहा संगठन

**ब्यौहारी।** थाना क्षेत्र व्यवहारी के अंतर्गत ग्राम साखी के रहने वाली हरिभूमि पत्रकार सूर्यभान यादव से निलेश सोनी द्वारा साखी में बन रही एक सड़क के मामले में सवाल ना उठाने एवं समाचार न छापने के लिए दबाव बनाने के उद्देश्य से अश्लील गालियां दिया जिस पर सूर्यभान यादव द्वारा श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत चतुर्वेदी को बताया गया उन्होंने तत्काल थाने पहुंचकर नगर निरीक्षक को अवगत कराया एवं निलेश सोनी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करने की मांग की इससे संबंधित मांग को लेकर श्रमजीवी पत्र का संघ ब्यौहारी- एवं शहडोल द्वारा ज्ञापन भी सोपा गया था प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदोरिया को भी अवगत कराया गया

इस पर 24/06/26 को पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए निलेश सोनी जो एक स्थानीय समाचार पत्र से जुड़ा हुआ हैं उसके खिलाफ 296 (ए )351(2) बीएन एस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया जिस पर निलेश सोनी के साथी पत्रकार रामराज गुप्ता द्वारा बौखलाहट दिखाते हुए संघ के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत चतुर्वेदी पर अनर्गल आरोप लगाकर पुलिस पर दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है उसके इस कार्य में उसका संगठन इंडियन फेडरेशन ऑफ़ जर्नलिस्ट यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा उनके साथ दिया जा रहा है जबकि संगठन को चाहिए कि अश्लील गाली गलौज करने वाले निलेश सोनी एवं गाली गलौज में साथ देने वाले रामराज गुप्ता को संगठन से बाहर का रास्ता दिखाना चाहिए लेकिन संगठन उनके गलत कार्यों में बराबर साथ दे रहा है और लक्ष्मीकांत चतुर्वेदी खिलाफ जो तथ्यहीन शिकायत की जा रही है कहा जा रहा है की सूर्यभान ने भी नीलेश सोनी को गालियां दी है जो पूरी तरह से झूठ अभी तक पुलिस को कोई सबूत राम राज और नीलेश सोनी द्वारा नहीं उपलब्ध कराया गया संघ के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत चतुर्वेदी के ऊपर भी भ्रामक आरोप लगाकर उनको बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा थाना घेराव का आवेदन दिया गया जो पुलिस पर दबाव बनाने का गलत प्रयास है



सच्चाई यह है की

जिस दौरान नीलेश सोनी बुरी तरह से अश्लील गालियां दे रहा था उसे दौरान रामराज गुप्ता भी उसके ऑफिस में बैठा हुआ था उस रात निलेश सोनी ने 63 बार फोन लगाया और रामराज गुप्ता ने 32 बार सूर्यभान को फोन लगाकर प्रताड़ित किया पुलिस चाहे तो उनके मोबाइल नंबर 97 52 1994 13 की कॉल डिटेल निकाल कर जांच कर सकती है गाली गलौज करने के बाद भी निलेश सोनी द्वारा अपनी गलती का एहसास नहीं किया गया ना ही सूर्यभान यादव से माफी मांगी गई अब संगठन के पदाधिकारी पर दबाव बनाने के लिए पुलिस में झूठी शिकायत की जा रही है श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लॉक इकाई ने मांग की है कि निलेश सोनी, रामराज गुप्ता पर कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाए। रामराज गुप्ता इसके पहले ब्लैकमेलिंग मामले में मझौली और फर्जी चेक मामले में सजा काट चुका हैं जेल से आने के बाद भी लगातार वही रवैया अपना आए हुए हैं अधिकारी कर्मचारियों को ब्लैकमेलिंग और दबाव बनाकर ग्राम पंचायत के सरपंच सचिवों से विज्ञापन के नाम पर अवैध वसूली की जाती है क्षेत्र वासियों ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से पत्रकारिता पैसे को कलंकित करने वाले दागदार लोगों को पहचान कर करवाई करने की मांग की है।

# ओवर लोड पत्थरों से भरे ट्रक हाइवा निकलने से हादसे का रहता है खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

**तहसील मुख्यालय में चल रही पत्थरों की खदानों से प्रतिदिन अनेकों ट्रकों में दोनों तरफ पटरा लगाकर पटरों से भी ऊपर पत्थरों को भरकर परिवहन किया जा रहा है।ग्राम के मध्य से निकलते हैं ट्रकरुपोंद रेल्वे स्टेशन की तरफ से आने वाले भारी भरकम ट्रक पत्थरों की खदानों से ट्रक में दोनों तरफ पटरा लगाकर उससे भी ऊपर पत्थर भरकर ग्राम के मध्य से निकली सड़क से आते जाते परिवहन करते हैं।**

बड़वारा में स्थानीय प्रशासन व खनिज विभाग की अनदेखी व सुस्त कार्रवाई से कभी भी घट सकती है गम्भीर घटना कभी भी किसी भी राहगीर या स्थानीय व्यक्तियों के ऊपर ट्रक में भरे ओवर लोड पत्थर गिरने से किसी भी व्यक्ति की जान जा सकती है। बड़वारा थाना के सामने से ओवरलोड ट्रक निकलते हैं जिनमे वाहन चालक ओवर लोड रेत तिरपाल या अन्य साधनों से ढक कर निकलते हैं किंतु उनमें से कुछ चुनिंदा वाहनों पर गाहे बगाहे कार्रवाई की जाती है जबकि सख्त कार्रवाई नही किये जाने से ये वाहन चालक खुलेआम कानून को चुनौती देते हुए रोजाना निकलते हैं जिनके ऊपर सख्त कार्रवाई की दरकार है।बड़वारा ग्राम में इन दिनों नाबालिग बगैर लायसेंस के ही ट्रैक्टरों में रेत भरकर परिवहन का कार्य करते हैं एवम तेज रफ्तार में ट्रैक्टर चलाते हैं किंतु इनके ऊपर कार्रवाई नही किये जाने से ये भी बेख़ौफ़ होकर तेज रफ्तार में वाहन चलाते हैं जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है जिन पर कार्रवाई किया जाना आवश्यक है।स्थानीय प्रशासन व जिला के आला अधिकारियों से जनपेक्षा की जाती है कि इन ओवर लोड वाहन चालकों के ऊपर कार्रवाई की जाए जिससे लोगों का जीवन सुरक्षित हो सके।



# 6 लाख के नशीले इंजेक्शन और स्मैक के साथ 3 तस्कर धराये

### कप्तान के निर्देश पर चल रही है व्यापक कार्रवाई

**शहडोल। जिले को पूरी तरह से नशामुक्त बनाने और युवाओं की रगों में जहर घोलने वाले सौदागरों के समूल नाश के लिए पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने एक और ऐतिहासिक कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस कप्तान की पैनी नजर और सख्त मिजाज के चलते शहडोल पुलिस इन दिनों अपराधियों पर नकेल कस रही है।**

इसी कड़ी में कोतवाली पुलिस ने मुखबिर के जाल में फंसाकर तीन शातिर नशा तस्करों को रंगे हाथ दबोचने में सफलता हासिल की है। इनके पास से भारी मात्रा में अवैध नशीले इंजेक्शन और स्मैक जब्त की गई है, जिसकी बाजार में कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। 26 जून 2026 को कोतवाली थाना प्रभारी (निरीक्षक) राघवेंद्र तिवारी को मुखबिर से सूचना मिली कि शहर के एक ठिकाने पर नशे की बड़ी खेप खपाने की तैयारी चल रही है। कोतवाली प्रभारी ने बिना एक पल गंवाए, अपनी सूझबूझ और त्वरित निर्णय क्षमता का परिचय देते हुए तत्काल एक विशेष छापामार दल का गठन किया। पुलिस टीम ने मुखबिर के बताए अनुसार चिन्हित मकान की चारों तरफ से ऐसी घेराबंदी की कि तस्करों को संभलने या भागने का रत्ती भर भी मौका नहीं मिला। पूरी तरह से की गई इस सुनियोजित घेराबंदी के दौरान पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों में ऋषभ तिवारी उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम टिहकी ब्यौहारी, हाल निवासी खेरमाता मंदिर के पास, शहडोल, नितिन यादव उम्र 22 वर्ष निवासी घरौला मोहल्ला हनुमान मंदिर के पीछे, शहडोल। संदीप यादव उम्र 22 वर्ष निवासी पु_I फैक्ट्री के पास, मतनी टोला, शहडोल शामिल हैं। जब पुलिस दल ने पकड़े गए तीनों आरोपियों की संयुक्त रूप से जामा तलाशी ली, तो वहां मौजूद अधिकारी भी चौंक गए। इन तस्करों के पास से 880 नग अवैध नशीले इंजेक्शन और 53.6 ग्राम स्मैक (हेरोइन) बरामद की गई। जब्त किए गए इस घातक मादक पदार्थ की कुल अनुमानित कीमत लगभग 6 लाख रुपये बताई जा रही है। जब पुलिस ने इनसे इस जखीरे के संबंध में वैध दस्तावेज या लाइसेंस की मांग की, तो आरोपियों के मुंह पर ताला लग गया। इसके बाद पुलिस ने पूरे माल को विधिवत जब्त कर आरोपियों को हवालात पहुंचा दिया। आरोपियों के खिलाफ स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस एक्ट) की धारा 8/21, 29 और मध्य प्रदेश औषधि नियंत्रण अधिनियम की धारा 5/13 के तहत संगीन मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। नशे के नेटवर्क को नेस्तनाबूद करने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा लगातार चलाई जा रही मुहिम रंग ला रही है। पुलिस अधीक्षक के कुशल मार्गदर्शन और हौसलाअफजाई के कारण ही मातहत अधिकारी पूरी ऊर्जा के साथ मैदान में डटे हुए हैं। इस पूरी कार्रवाई को जिस सूझबूझ और आक्रामक ढंग से अंजाम दिया गया, उसने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राघवेंद्र तिवारी की बेहतरीन कार्यप्रणाली ने एक बार फिर साबित कर दिया है। शहर की जनता इस शानदार कार्रवाई के बाद पुलिस प्रशासन की भूरी-भूरी प्रशंसा कर रही है।



# सेहत के लिये हानिकारक हो सकता है बोतल बंद पानी

## अमानक स्तर का बिक रहा बोतल व पाउच का पानी, नींद में संबंधित विभाग

गर्मी की शुरूआत के साथ ही निरंतर बढ़ रहे जल संकट की समस्या को देखकर हर दिन पानी पाउच व बॉटल की नई-नई कंपनियां मार्केट में उतर रही है वहीं पीने की पानी का मांग भी तेजी से बढ़ रहा है, जिनसे कंपनी को मुनाफा होता है वहीं उपभोक्ता बिना कोई जांच पड़ताल किये इस पानी को खुले पानी से बेहतर समझ कर महंगी कीमतों मे पी रहे है जबकि हकीकत तो यह है कि खुले पानी से यह पानी भी कम खतरनाक नहीं है।





हरिभूमि न्यूजअनूपपुर।

लगातार बढ़ रहे जल संकट की समस्या को देखते हुये जहां सामाजिक संस्थाये व प्रशासन द्वारा इन दिनों पानी बचाने की हेतु ग्राम पंचायतों की जनप्रतिनिधियों द्वारा कार्यशाला की माध्यम से जागरूकता पैदा करने एवं संगठनों का अथक प्रयास की बाते सिर्फ कागजों में ही दिखाई जाती है वहीं शासन द्वारा आई हुई राशि को विभागीय कर्मचारी खानापूर्ति कर डकार रहे हैं। पानी बचाने का अभियान इतना कारगार साबित हो रहा है यह तो समुचित जिले में हो रहे पानी की दुरूपयोग देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

### नहीं होता निर्धारित मापदंडो का पालन

जानकारी के मुताबिक बोतल बंद पानी विक्रय की कंपनी स्थापित करने शासन द्वारा निश्चित मापदंडों को निर्धारित किया गया है। इसका पालन कराने के लिए प्रशासन द्वारा बाकायदा अधिकारी कर्मचारी तैनात किये गये हैं ताकि गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ न हो और बोतलबंद व पानी पाउच खरीदकर पीने वालों के स्वास्थ्य पर इसका वितरीत असर न पड़ सकें।

### फैशन का चढ़ा खुमार

आधुनिक व फैशन की बढ़ते इस युग में जहां पानी पाउच का बोतल बंद हर जगह सुलभ होने की वजह से इसका इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है, वहीं फैशन की नजरियें में भी इसका प्रचलन आजकल शादी के मंडप, घरों में पार्टियां व छोटे-मोटे फंकशन में अब लोग गिलासों में पानी पिलाना अपनी तौहीनी समझते है। बोतल बंद पानी व पाउच अब फैशन के रूप में लोगों को भाने लगा है। इसी कारण जरूरत व आवश्यकता अनुसार लोग इसका धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रहे है तो वहीं अपना रूतवा दिखाने का माध्यम बन कर रह गया है।

### पर्यावरण के लिये भी बना खतरा

लोगों को सुलभता से पेयजल उपलब्ध कराने के लिये प्लास्टिक कंटेनर, बोतल एवं प्लास्टिक के पाउच भले ही लोगों के पास सुलभता से उपलब्ध हो जाते है लेकिन यही प्लास्टिक के कंटेनर हो या बोतल या फिर प्लास्टिक के पाउच जिसे पानी पीने के बाद उपभोक्ता सड़कों पर फेंक देते है जो पर्यावरण के लिये खतरा पैदा कर रहे है वहीं मूक बधिर जानवर खाकर काल के गाल में समा रहे है। इसके बावजूद भी विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

### निर्धारित मूल्यों से अधिक में बिक रहे है शीतल पेय

क्षेत्र में नकली अमानक खाद्य पदार्थो की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है जगह-जगह पानी पाउच व बोतल बंद शीतल पेय बेचे जा रहे है इन पानी पाउचों पर निर्माण तिथि कहीं भी नही लिखी जाती है जिसके चलते उपभोक्ता यह जान ही नही पाता है कि पानी पाउच में किसी तिथि को पैक किया और वह इसका उपयोग कर संक्रमण का शिकार होकर तमाम बीमारी को न्यौता देकर अपने परिवार के साथ खिलवाड़ कर रहा है। अनपपुर जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन एवं नियंत्रण विभाग के कर्मचारी अधिकारी भी पदस्थ है, परंतु वे सेम्पल जांच के लिये नमूना कहां लेते है और कब क्षेत्र मे आते है यह सिर्फ वही लोग जानते है, जिसका परिणाम क्षेत्र भुगत रहा है।



# छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सपरिवार मां नर्मदा का किया पूजन-अर्चन

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पंजाब कांग्रेस के प्रभारी भूपेश बघेल ने शुक्रवार 26 जून को प्रातः लगभग 11:30 बजे पवित्र नगरी अमरकंटक पहुंचकर मां नर्मदा उद्गम मंदिर में विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दर्शन-पूजन किया। इसके पश्चात उन्होंने बाबा अमरकंठ महादेव का जलाभिषेक, पूजन-अर्चन एवं आरती कर प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि की कामना की। पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल अपनी पत्नी श्रीमती मुक्तेश्वरी बघेल, परिजनों एवं मित्र प्रदीप शर्मा के साथ मां नर्मदा उद्गम कुंड पहुंचे, जहां उन्होंने श्रद्धापूर्वक पूजन-अर्चन कर मां नर्मदा के दरबार में मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। नर्मदा मंदिर के पुजारी पंडित उमेश द्विवेदी (बंटी महाराज) ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ उनका संपूर्ण पूजन-अर्चन संपन्न कराया। इसके बाद उन्होंने बाबा अमरकंठ महादेव के दर्शन कर जलाभिषेक किया तथा मंदिर परिसर की परिक्रमा की। इस दौरान उन्होंने 11 रुद्र महादेव मंदिर में भी दर्शन कर शीश नवाया। परिक्रमा के दौरान श्री बघेल ने अपने परिवार के साथ मंदिर परिसर में स्मृति स्वरूप छायाचित्र भी खिंचवाए। नर्मदा मंदिर के पुजारियों ने उन्हें मां नर्मदा की पावन चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा प्रसाद भेंट करते हुए उनके यशस्वी, स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन तथा राजनीतिक उन्नति की मंगलकामना की। आशीर्वाद एवं सम्मान समारोह के अवसर पर नर्मदा मंदिर के पुजारियों में पंडित उमेश द्विवेदी (बंटी महाराज), पंडित उत्तम द्विवेदी, पंडित विनायक द्विवेदी, पंडित रबी द्विवेदी एवं पंडित सानू द्विवेदी सहित अन्य पुजारीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके उपरांत भूपेश बघेल ने प्राचीन पुरातत्व संरक्षित परिसर स्थित पातालेश्वर महादेव मंदिर में भी दर्शन-पूजन किया। बताया गया कि वे अपने परिवार के साथ दो दिवसीय निजी प्रवास पर अमरकंटक आए हैं तथा स्थानीय एक होटल में ठहरे हुए हैं।

# खांडा गांव में कुआं में सफाई कर रहे अधेड की करंट लगने से मौत



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

कोतवाली थाना अनूपपुर से 8 किलोमीटर दूर स्थित खांडा गांव के बड़काटोला निवासी 40 वर्षीय दालचंद महरा पिता लल्ला लल्ला महरा की शुक्रवार की दोपहर अपने ही कुआं में भाई तीरथ महरा एवं मनोज कुशवाहा के साथ कुंआ की सफाई करने के दौरान पंप निकालने बाद कुंआ में झूल रहे नंगी बिजली तार में करंट होने से हाथ में करंट लगने पर जिला अस्पताल लाने चिकित्सक द्वारा परीक्षण करने दौरान पूर्व मे मृत्यु हो गई घटना की सूचना पर पुलिस सहायता केंद्र के प्रधान आरक्षक कमलेश प्रसाद द्वारा परिजनों एवं सहयोगियो की उपस्थिति में मृतक के शव का पंचनामा कर ड्यूटी डॉक्टर से मृतक के शव का पीएम कराने बाद शव के कफन दफन हेतु परिजनों को सौंपते हुए घटना की जानकारी कोतवाली थाना अनूपपुर को अग्रिम कार्यवाही किए जाने हेतु प्रदाय की

# धनगवा से जैतहरी नगर होते हुए गोवरी के जंगल पहुंचे चार जंगली हाथी, देर रात तक वन, पुलिस ग्रामीणों के साथ करते रहे निगरानी

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

चार जंगली प्रवासी हाथियों का समूह जो तीन दिन पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा को 37 दिन बाद फिर से पार कर अनूपपुर जिले के जैतहरी क्षेंत्र की सीमा में प्रवेश कर गुरुवार की सुबह से धनगवां बीट के जंगल में दिन भर विश्राम करने बाद देर शाम जंगल से निकल कर जैतहरी नगर के सम्राट होटल, बस स्टैंड, रेलवे लाइन को पार कर शुक्रवार की सुबह गोबरी बीट के जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं।



हाथियों के विचरण पर वन विभाग, पुलिस विभाग ग्रामीणों के सहयोग से हाथियों पर निरंतर निगरानी रखे रहे जिसके कारण किसी भी तरह की अप्रीय स्थिति निर्मित नहीं हो सकी। हाथियों के द्वारा दो घरो में तोड़फोड़ कर कई ग्रामीणों के खेत एवं बांड़ियों में लगे विभिन्न तरह की फसलों एवं सब्जियों को खाकर अपना आहार बनाते रहे हैं। पूर्व में 146 दिनों तक निरंतर अनूपपुर जिले के जैतहरी, अनूपपुर, राजेंद्रग्राम एवं अहिरगवां के साथ शहडोल जिले के बुढार एवं डिंडोरी जिले में निरंतर विचरण कर हाथियों का समूह 37 दिन पूर्व अनूपपुर जिले की सीमा को पार कर छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही वन मंडल एवं वन परिक्षेत्र के शिवनी, घुसरिया, मरवाही एवं गुल्लीडांड आदि वन वीटो के इलाकों में विचरण करते हुए 37 दिन बाद 24 जून की रात 8 बजे एक बार फिर से छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही इलाके को अनूपपुर जिले के जैतहरी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत, ग्राम एवं वन बीट चोलना के गूजरनाला पार कर प्रवेश करते हुए चोलना, बचहाटोला, छातापटपर, पड़रिया, चोई होकर गुरुवार की सुबह वन बीट धनगवां के आया पानी के जंगल जो ग्राम चोई एवं कुसुमहाई के मध्य स्थित है में दिन बीताने बाद गुरुवार की देर शाम जंगल से निकल कर ग्राम पंचायत क्योटार के पटौराटोला, कुसमहाई से ग्राम पंचायत टकहुली, लहरपुर से नगर परिषद जैतहरी के वार्ड क्रमांक 1 से अनूपपुर जैतहरी वेंकटनगर मुख्य मार्ग को पार कर जैतहरी के तालाब, सम्राट होटल, बस स्टैंड से रेलवे लाइन पार करते हुए वार्ड क्रमांक 4 बंजारी टोला एवं वार्ड क्रमांक 15 में विचरण कर शुक्रवार की सुबह तिपान नदी को पार कर गोबरी बीट के झुरहीतलैया जंगल में पहुंचकर दिन के समय विश्राम कर रहे हैं। चारों प्रवासी हाथियों द्वारा तीन दिनों के मध्य दो घरों में तोड़फोड़ कर एवं ग्रामीणों के खेत एवं बांडियों में लगे विभिन्न तरह की फसलों, सब्जियो, आम, कटहल आदि के पेड़ों को तोड़फोड़ कर फल को खाते हुए नुकसान पहुंचाया है। हाथियों के समूह के एक बार फिर से जैतहरी इलाके में प्रवेश कर विचरण करने पर वन विभाग के अधिकारी/कर्मचारी, जैतहरी थाना की पुलिस, जिला मुख्यालय अनूपपुर कि वन्यजीव संरक्षक शशिधर अग्रवाल ग्रामीणों के सहयोग से हाथियों के विचरण पर निरंतर निगरानी रखते हुए ग्रामीण जनों को सचेत एवं सतर्क करने ग्रामीणों द्वारा सहयोग करने के कारण किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं हो सकी। किंतु 25 जून की रात 11 बजे से 12 बजे के मध्य चार हाथियों का समूह जब जैतहरी नगर के मुख्य मार्ग पर प्रवेश किया तब एक उपद्रवी युवक द्वारा लंबे डंडे से हाथियों पर बार-बार हमला कर हाथियों को मारने की कोशिश करते नजर आया जिसकी पहचान कर वन विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को इस उपद्रवी युवक की पहचान कर उसके विरुद्ध वन्यजीव के साथ मारपीट करने पर शख्त कार्यवाही किया जाना चाहिए।

# 294 यूनिट रक्तदान के साथ अदाणी समूह के कर्मचारियों ने निभाई सामाजिक जिम्मेदारी

## अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी के जन्मदिन पर स्वैच्छिक रक्तदान का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अनूपपुर थर्मल एनर्जी (म.प्र) प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वैच्छिक रक्तदान अभियान के तहत 294 यूनिट रिकॉर्ड रक्तदान कर सामाजिक सन्देश दिया है। 24 जून को अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित इस अभियान का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को इस महादान के लिए प्रेरित करना है। कोतमा तहसील के छतई गांव स्थित अनूपपुर थर्मल एनर्जी (एमपी) प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय परिसर में अनूपपुर जिला अस्पताल के ब्लड बैंक की टीम के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 294 यूनिट रक्तदान किया। ब्लड बैंक के पदाधिकारियों ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में सहायक हो सकता है। उन्होंने लोगों से रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर कर नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की। कार्यक्रम के समापन पर सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य इसको लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करना है। कई लोग रक्तदान करने से कतराते हैं जबकि इससे कोई हानि नहीं होती बल्कि कई प्रकार के लाभ होते हैं। एक स्वस्थ व्यक्ति को रक्त का दान करते रहना चाहिए। रक्त के अभाव में जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे व्यक्ति को समय रहते रक्तदान कर जान बचा ली जाए तो उससे बड़ा जीवन में पुण्य का कोई दूसरा कार्य नहीं हो सकता।

अनूपपुर में उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ आयोजित

# इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की बीसी सखी के रूप में कार्य करेंगी आजीविका मिशन की दीदियां

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के मध्य हुए राष्ट्रीय स्तर के समझौते के तहत अब ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं का विस्तार स्व सहायता समूह की महिलाओं के माध्यम से किया जाएगा। जिला कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी के मार्गदर्शन में इस पहल की शुरुआत की गई है। इसके अंतर्गत आरसेटी से प्रशिक्षित एवं आईआईबीएफ द्वारा प्रमाणित समूह सदस्यों को श्बीसी सखीश (बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट) के रूप में नियुक्त किया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित और सुलभ बैंकिंग सुविधाएं सीधे ग्रामीणों के घर-द्वार तक पहुंच सकेंगी। इसी अनुक्रम में समुदाय प्रबंधित प्रशिक्षण केंद्र, अनूपपुर (डाइट भवन) के सभागार में आईपीपीबी और आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय उन्मुखीकरण (ओरिएंटेशन)



कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, शहडोल के शाखा प्रबंधक विवेक पाण्डेय एवं उनकी टीम द्वारा समूह की दीदियों को बीसी सखी के रूप में कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान उन्हें बीसी सखी बनने के बाद प्राप्त होने वाले वित्तीय लाभ, आय के नए अवसरों, कार्यप्रणाली और आवश्यक उपकरणों जैसे बायोमेट्रिक डिवाइस, माइक्रो एटीएम मशीन व यूवी लैम्प के संबंध में विस्तार से तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। ग्रामीण स्तर पर इस वित्तीय समावेशन को गति देने के लिए कार्यशाला के दौरान ही कार्य करने की इच्छुक आजीविका मिशन की दीदियों की सहमति से आवश्यक दस्तावेजों सहित 20 आवेदन पत्र जमा कराए गए। इसके साथ ही समूह सदस्यों के 20 नए प्रीमियम खाते भी मौके पर खोले गए। जिला परियोजना प्रबंधक शशांक प्रताप सिंह ने बताया कि आईपीपीबी के तहत बीसी सखियों की इस नियुक्ति से न केवल ग्रामीण उपभोक्ताओं को बैंक के चक्कर काटने से मुक्ति मिलेगी, बल्कि विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं की सब्सिडी, मनी ट्रांसफर और बीमा जैसी सुविधाएं आसानी से मिलेंगी। साथ ही, इससे समूह की महिलाओं की आय में भी अतिरिक्त वृद्धि होगी। इस अवसर पर जिला प्रबंधक (सूक्ष्म वित्त) श्रीमती अंजू शुक्ला, बीपीएम राजेश सिंह राठौर, आईबीसी श्रीमती वंदना वर्मा, जैतहरी के ब्लॉक प्रबंधक कन्हैया लाल पटेल सहित आईपीपीबी टीम के आरएम परमेन्द्र वर्मा और उड़ान एग्जीक्यूटिव आर्यन नामदेव उपस्थित रहे।

# राम मंदिर से जुड़े आरोपों की हो निष्पक्ष जांच दोषियों पर हो कठोर कार्रवाई-कन्हैयालाल मिश्रा

## श्रद्धालुओं के विश्वास और सरकार की नैतिक जवाबदेही सर्वोपरि

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भारतीय गणवार्ता पार्टी (भगवा पार्टी) के जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल मिश्रा ने अयोध्या स्थित भगवान श्रीराम मंदिर से जुड़े वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों पर निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच की मांग करते हुए कहा कि करोड़ों सनातन हिंदुओं की आस्था से जुड़े किसी भी विषय पर सत्य सामने आना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकारों की नैतिक जिम्मेदारी है कि यदि किसी प्रकार के आरोप सामने आते हैं तो उनकी निष्पक्ष, समयबद्ध एवं पारदर्शी जांच कराई जाए, ताकि श्रद्धालुओं का विश्वास और अधिक मजबूत हो। कन्हैयालाल मिश्रा ने कहा कि भगवान श्रीराम सत्य, न्याय और मर्यादा के प्रतीक हैं। ऐसे में यदि किसी भी स्तर पर वित्तीय अनियमितता या भ्रष्टाचार के आरोप सामने आते हैं और जांच में वे सिद्ध होते हैं, तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध बिना किसी भेदभाव के कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि राम मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि करोड़ों सनातन हिंदुओं की आस्था और विश्वास का प्रतीक है। इसलिए मंदिर के आय-व्यय में पूर्ण पारदर्शिता, नियमित सार्वजनिक लेखा-जोखा तथा आवश्यक होने पर स्वतंत्र ऑडिट जैसी व्यवस्थाएं अपनाई जानी चाहिए, जिससे समाज का



विश्वास और मजबूत हो। भगवा पार्टी के जिला अध्यक्ष ने कहा कि सनातन धर्म सत्य, ईमानदारी और उत्तरदायित्व का संदेश देता है। धर्म की रक्षा केवल पूजा-अर्चना से नहीं, बल्कि सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता और नैतिकता बनाए रखने से भी होती है। उन्होंने कहा कि यदि कोई निर्दोष है तो जांच उसे सम्मानपूर्वक न्याय देगी, और यदि कोई दोषी सिद्ध होता है तो उसे कानून के अनुसार दंड मिलना चाहिए। उन्होंने सभी सनातन श्रद्धालुओं से अपील की कि वे अफवाहों के बजाय सत्य और न्याय की प्रक्रिया पर विश्वास रखें तथा समाज में सद्भाव, मर्यादा और धर्म के मूल्यों को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि श्राम का मार्ग सत्य का मार्ग है, इसलिए राम के नाम पर हर कार्य भी सत्य, पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ होना चाहिए।ष



# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत पुष्पराजगढ़ में विशेषज्ञ कैंप आयोजित

**हरिभूमि न्यूज राजेन्द्रग्राम।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार में जिले में सुरक्षित मातृत्व और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को विकासखंड पुष्पराजगढ़ के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और उनकी विशेषज्ञ मेडिकल टीम के नेतृत्व में आयोजित इस कैंप में क्षेत्र की कुल 153 गर्भवती महिलाओं ने पहुंचकर अपनी प्रसव-पूर्व स्वास्थ्य जांच कराई। इस दौरान डॉक्टरों द्वारा महिलाओं का ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन और शुगर सहित अन्य आवश्यक परीक्षण निःशुल्क किए गए।स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान चिकित्सा टीम ने जांच करते हुए कुल 35 महिलाओं को हाई रिस्क (उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था) के रूप में चिन्हित किया। इनमें से 5 महिलाओं में सीवियर (अत्यधिक) एनीमिया, 15 महिलाओं में मॉडरेट (मध्यम) एनीमिया तथा 1 महिला में पीआईएच (गर्भावस्था जनित उच्च रक्तचाप) के लक्षण पाए गए। इन सभी मामलों को विशेष निगरानी में ले लिया गया है। कलेक्टर पंचोली के निर्देशों के परिपालन में ब्लॉक स्तर पर त्वरित उपचार प्रबंधन अपनाते हुए मॉडरेट एनीमिया से पीड़ित सभी 15 महिलाओं को तत्काल आयरन सुक्रोज के इंजेक्शन लगाकर उनके स्वास्थ्य को सुरक्षित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने शिविर में मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया है कि चिन्हित की गई सभी जोखिम ग्रस्त महिलाओं का लगातार फॉलो-अप लिया जाए और प्रसव के समय तक उनकी विशेष ट्रैकिंग सुनिश्चित की जाए।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर (म.प्र.)**
राजस्व प्रकरण क्र. 0103/अपील/2025-26

**नोटिस सूचना**

1. हिरौंदिया बाई पिता राय सिंह जाति गोंड निवासी ग्राम नौगई तहसील पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर (म.प्र) **बनाम**
1, नंदा सिंह पिता राय सिंह जाति गोंड निवासी ग्राम नौगई तहसील पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर (म.प्र.) ।2. गंगू सिंह उर्फ गंगा सिंह पिता राय सिंह जाति गोंड निवासी ग्राम नौगई तहसील पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर 3. रंगू सिंहपिता पिता राय सिंह जाति गोंड निवासी ग्राम नौगई तहसील पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर (म.प्र.) ।4. राम बाई पति शंकर सिंह जाति गोंड निवासी ग्राम नौगई तहसील पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर (म.प्र.)। 5. लाल सिंह पिता शंकर सिंह जाति गोंड निवासी ग्राम नौगई तहसील पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर (म.प्र.) ।6-मैकिन बाई पिता शंकर सिंह जाति गोंड निवासी ग्राम नौगई तहसील पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर (म.प्र.) । 7. मंती बाई पिता शंकर सिंह जाति गोंड निवासी ग्राम नौगई तहसील पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर (म.प्र.) । 8. सुनीता बाई शंकर सिंह जाति गोंड निवासी ग्राम नौगई तहसील पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर (म.प्र.)। 9. अमरतिया बाई राय सिंह जाति गोंड निवासी ग्राम नौगई तहसील पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर (न.प्र.) । 10. कछरी बाई. पिता सिंह जाति गोंड निवासी ग्राम नौगई तहसील पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर (म.प्र.)

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त मामले की सुनवायी तारीख 06.07.2026 को 11 बजे नियत स्थान न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पुष्पराजगढ जिला अनूपपुर (म.प्र.) में सुनवायी हेतु उक्त सुनवायी दिनांक को अनुपस्थित रहने की दशा में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी ।

स्थान- पुष्पराजगढ़

दिनांक :-22.06.2026

सील

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश